भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2794
सोमवार, 07 अगस्त, 2023/16 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अयोध्या राम मंदिर में अवसंरचनागत विकास

†2794. श्री रमेश बिन्द:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में आने वाले देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित अवसंरचनागत विकास का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास के लिए नए धार्मिक पर्यटन स्थलों का चयन किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना (एसडीएस) के एक भाग के रूप में वर्ष 2017-18 में 127.21 करोड़ रुपए की लागत से उत्तर प्रदेश में 'अयोध्या का विकास' परियोजना को स्वीकृति दी है जिसका उद्देश्य पर्यटन अवसंरचना का सृजन करना और आगंतुक अनुभव/संतुष्टि को बढ़ाना है। यह परियोजना भौतिक रूप से पूरी हो चुकी है और इसके प्रमुख घटकों का ब्यौरा अनुबंध-। में दिया गया है।

जबकि पर्यटन गंतव्यों की पहचान और विकास की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी योजनाओं के तहत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में पूजा स्थलों सहित स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध-।। में दिया गया है।

स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) को 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' के रूप में परिवर्तित किया गया है और पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए गंतव्यों के रूप में उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और नैमिषारण्य को चिह्नित किया है।

*****

अनुबंध-I

अयोध्या राम मंदिर में अवसंरचनागत विकास के संबंध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2794 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

उत्तर प्रदेश में स्वीकृत 'अयोध्या का विकास' परियोजना के तहत प्रमुख घटकों की सूची।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	गंतव्य	स्वीकृत राशि	प्रमुख घटक
1	राम कथा गैलरी और पार्क	4.14	पार्किंग स्थल का विकास साइट का विकास (लैंडस्केपिंग, आंतरिक मार्ग, चारदीवारी)
2	अयोध्या बस स्टैंड	15.48	सिविल कार्य, बिजली का काम
3	बहु-स्तरीय कार पार्किंग	9.6	जल आपूर्ति और स्वच्छता संबंधी कार्य साइट का विकास
4	दिगंबर अखाड़े में बहुउद्देशीय हॉल	3.26	जल आपूर्ति और स्वच्छता संबंधी कार्य साइट का विकास
5	पंचकोशी परिक्रमा में पर्यटक आश्रय स्थल	1.89	पर्यटक आश्रय
6	राम की पैड़ी	8.49	अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था, पत्थर की रेलिंग
7	गुप्तार घाट	35.05	घाट विकास, पार्किंग
8	लक्ष्मण किला घाट	8.87	घाट
9	शहर व्यापी हस्तक्षेप	15.96	सौर प्रकाश, बुर्ज
10	अयोध्या की सड़कों का जीर्णोद्धार-मुख्य सड़क और फुटपाथ	7.15	स्ट्रीट लाइट पोल पेयजल कियोस्क के लिए पत्थर की चतरी
11	पैदल मार्ग-चौक अयोध्या रोड से हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरत भवन	11.26	सड़क के दोनों ओर क्वार्टजाइट स्टोन मशीन कट कोबल्स स्ट्रीट लाइट पोल
कुल		121.15	
आकस्मिक शुल्क @ 3%		2.42	
परामर्श शुल्क @ 2%		3.63	
कुल योग		127.20	

*****

अनुबंध-II

अयोध्या राम मंदिर में अवसंरचनागत विकास के संबंध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2794 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना और प्रशाद योजना के तहत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	भौतिक स्थिति
1	बौद्ध परिपथ/ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89	पूर्ण
2	रामायण परिपथ/ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	पूर्ण
3	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	आहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास	71.91	पूर्ण
4	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास	67.51	पूर्ण
5	विरासत परिपथ/ 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	33.92	पूर्ण
6	रामायण परिपथ/ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21	पूर्ण
7	आध्यात्मिक परिपथ/ 2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03	पूर्ण
8	आध्यात्मिक परिपथ/ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवासनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30	पूर्ण
प्रशाद योजना				
1	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण -I	18.72	पूर्ण

2	2014-15	मथुरा-वृंदावन को मेगा टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित करना (चरण -II)	10.98	पूर्ण
3	2017-18	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02	पूर्ण
4	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	9.36	पूर्ण
5	2017-18	वाराणसी का विकास –चरण-II	44.60	पूर्ण
6	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	39.74	जारी

*****